**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपद येसो नाइक ने गोवा जल आपूर्ति के लिए इरेडा की 45 किलोवाट सौर सीएसआर परियोजना का उद्घाटन किया



उत्तरी गोवा, 4 अक्टूबर 2025

माननीय केंद्रीय विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक द्वारा आज इरेडा की सीएसआर पहल के तहत उत्तरी गोवा जिले में एक जल पंपिंग स्टेशन पर स्थापित 45 किलोवाट ऑन-ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली का उद्घाटन किया गया ।

इस परियोजना से सालाना लगभग 60,000 यूनिट बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है और यह पंपिंग लोड का 100% सौर ऊर्जा से संचालन करेगी। इसका उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि कैसे नवीकरणीय ऊर्जा सार्वजनिक जल वितरण प्रणालियों को सतत रूप से ऊर्जा प्रदान कर सकती है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने संदेश में कहा कि , "यह पहल वित्तपोषण से आगे बढ़कर सामुदायिक विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार करने की इरेडा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जल पंपिंग स्टेशनों जैसी सार्वजनिक सेवाओं का सौरीकरण देश भर में सतत ऊर्जा परिवर्तन के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बन सकता है।"




इस कार्यक्रम में इरेडा की सीएसआर टीम, गोवा पेयजल विभाग और स्थानीय प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित थे।